Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding spreading awareness about Ayushman Bharat Yojana in Villages

श्री रवि किशन (गोरखपुर): माननीय सभापति जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, मैं आपके समक्ष बहुत ही अहम मुद्दा रखना चाहता हूं । यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आयुष्मान भारत योजना आरंभ की, जिसके तहत व्यक्ति को इलाज हेतु भारत सरकार द्वारा पांच लाख रुपये की सहायता मिलती है । इस योजना के अंतर्गत सभी सैक्टर्स के लोग इसका लाभ सफलतापूर्वक ले रहे हैं । इस योजना में 14.75 करोड़ परिवार सहित 72 करोड़ लोग शामिल हैं । केंद्र सरकार की सोच और मंशा के अनुरूप सभी पात्रों को लाभ मिलना बहुत आवश्यक है, इसलिए आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि इसका प्रचार और प्रसार गांवों तक होना चाहिए ।